ज्ञानदीप

(त्रैमासिक सूचना पत्र)

भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान, पुणे – 411 001

आई. एस. ओ. : 9001 प्रमाणित भारतीय रेल का

प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान

संस्थान – डी ओ टी (020)
26122271, 26123436
26123680, 26111809
रेलवे - 55222, 55860, 55862

छात्रावास - डी ओ टी (020)
26130579, 26126816
26121669
रेलवे - 55980, 55981, 55976

फैक्स : 020-26128677
ई – मेल : mail@iricen.gov.in
टेलीग्राम : रेलपथ
वेब साइट : www.iricen.gov.in

वर्ष - 12 **अंक - 45** **जनवरी - मार्च 2008**

इस अंक में

1. इरिसेन का 50वां स्थापना दिवस समारोह
2. आई. पी. डब्ल्यू. ई. (आई) सेमिनार
3. प्रधान मुख्य इंजीनियरों का सेमिनार
4. मुख्य इंजीनियर (निर्माण) का सेमिनार
5. गणतंत्र दिवस समारोह
6. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 98वीं बैठक
7. संस्थान में हिंदी कार्यशाला का आयोजन
8. प्रमाणीकरण लेखा परीक्षा
9. विशेष उपलब्धि
10. विशेष पाठ्यक्रम
11. स्वागत / विदाई
12. बधाई / शुभकामनाएं
13. शब्द ज्ञान
14. सृजन

1 इरिसेन का 50वां स्थापना दिवस समारोह

संस्थान ने दिनांक 25 मार्च को अपना 50 वां स्थापना दिवस मनाया। माननीय श्री एस.के.विज, सदस्य इंजीनियरी, रेलवे बोर्ड समारोह के मुख्य अतिथि थे। गणमान्य अतिथियों में श्री बुध प्रकाश, प्रबंध निदेशक, कच्छ रेलवे कॉ.लि., श्री एम.एस.एकबोटे, से.नि.अपर सदस्य सिविल इंजी. रेलवे बोर्ड, श्री जी.एन.फडके, से.नि. महाप्रबंधक, उ. सी. रेलवे एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के 1981 बैच के अधिकारियों, वर्ष 2007 में संम्पन्न पाठ्यक्रमों के उत्कृष्ट प्रशिक्षु अधिकारियों तथा उत्कृष्ट परिवीक्षार्थी अधिकारियों को पुरस्कार / स्मृतिचिन्ह प्रदान किए गए। श्री अमित कुमार, सहा.मं.इंजी / उत्तर रेलवे, राजपुरा को वर्ष 2003 बैच को उत्कृष्ट परिवीक्षार्थी पदक तथा आर.के. जैन - रोलिंग शील्ड, श्री जीतेंद्र कुमार सिंह, सहा.मं.इंजी./द.पू.रेलवे, मूरी को इरकॉन स्वर्ण पदक, श्री रवि कांत, सहा.मं.इंजी./द.प.रेलवे, बेल्लारी को आलोक जैन स्मृति रोलिंग ट्रॉफी एवं श्री तपस कुमार विस्वास, सहा.मं.इंजी./प.रेलवे, दहाणु रोड को वी.के.जे.राणे, चल शील्ड प्रदान की गई।



स्थापना दिवस के अवसर पर श्री एस.के.विज, स.इंजी.,रे.बो. पुस्तिका का विमोचन करते हुए साथ में निदेशक श्री ए.के.गोयल

सदस्य इंजीनियरी, रेलवे बोर्ड के कर कमलों द्वारा **'इरिसेन जरनल ऑफ सिविल इंजीनियरिंग'** की मार्च, 08 की तकनीकी पुस्तिका तथा **''भारतीय रेल पर इंफ्रास्ट्रक्चरल विकास की चुनौतियां''**, विषय पर तकनीकी पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। ''Meeting the Challenges of Infrastructal Development of the Indian Railways'' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के 1981 बैच के अधिकारियों ने पेपर प्रस्तुत किए। सदस्य इंजीनियरी, रेलवे बोर्ड ने रेलवे इंजीनियरिंग टेक्निकल सोसाईटी का भी विधिवत उद्घाटन किया। इस सोसाईटी का उद्देश्य रेलवे के निम्न स्तर तक के कर्मचारियों के लिए शिक्षण मॉड्युल जैसी पुस्तकें, फिल्म इत्यादि बनाना, तकनीकी कक्षाओं के लिए पत्राचार / सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा दूरस्थ शिक्षा का कार्यक्रम तथा रेलवे से संबंधित ज्ञान का समायोजन एवं प्रचार प्रसार करना है। उत्कृष्ट आयोजन एवं कार्य हेतु उन्होंने रु. 1,00,000/- के सामूहिक पुरस्कार की घोषणा की। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर छात्रावास में पुणे मंडल सांस्कृतिक अकादमी की ओर से मनोरंजन कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

संरक्षक
ए. के गोयल
निदेशक
भा.रे.सि.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
मनोज अरोड़ा
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं प्राध्यापक – कार्य

संपादक
अरूणाभा ठाकुर
राजभाषा अधीक्षक

सहयोग
अरूण चांदोलीकर
सह प्राध्यापक
अशोक पोलके रा.भा.स. I/आर.जे.पाल, रा. भा. स.II

2 आई. पी. डब्ल्यू. ई. (आई.) सेमिनार

विज्ञान भवन, नई दिल्ली में दिनांक 21 एवं 22 फरवरी, 2008 को हैवी एक्सेल लोड-बहुप्रयोजन इंजनों, मल्टीपल लोकोज, लंबी माल गाड़ियों एवं ट्रैक, ब्रिज एवं फारमेशन के फटिग लाइफ पर उसके प्रभाव पर आई पी डब्ल्यू ई (आई) सेमिनार आयोजित हुआ, जिसमें इरिसेन ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। संस्थान द्वारा निर्मित विभिन्न तकनीकी प्रकाशन, फिल्में एवं ई-लर्निंग सीडी को दिखाने के लिए तकनीकी प्रदर्शनी में इरिसेन का स्टॉल लगाया गया था। इसकी जमकर सराहना हुई। आगंतुकों में वितरित करने हेतु विशेष तौर पर संपूर्ण विवरण के साथ एक रंगीन सूचीपत्र प्रकाशित किया गया। नए संस्थान भवन, नए खेलकूद संकुल इत्यादि के साथ इरिसेन में विभिन्न सुविधाओं के बारे में प्रचार-प्रसार भी किया गया। इरिसेन संकाय सदस्यों द्वारा दो पेपर भी प्रस्तुत किए गए जो निम्नानुसार है:

क्र	विषय	लेखक
1.	ओल्ड मैसनरी आर्च ब्रिजेज फॉर हायरएक्सेल लोड- अ पारा मिट्रिक स्टडी	श्री अजय गोयल, व.प्रा.पुल
2.	प्लानिंग ऑफ ब्रिजेज फॉर हैवी एक्सेल लोड	श्री वी.बी.सूद, प्रा. रेल- 2

3 प्रधान मुख्य इंजीनियरों का सेमिनार

प्रमुख मुख्य इंजीनियरों द्वारा सामान्य समस्याओं का सामना करने के संबंध में चर्चा करने के उद्देश्य से इरिसेन में दिनांक 7 एवं 8 जनवरी, 08 को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सदस्य इंजीनियरी ने दिनांक 8 जनवरी, 08 को सेमिनार में प्रतिभागियों को संबोधित किया। विभिन्न क्षेत्रीय रेलों की कार्यसूची की मदों पर चर्चा की गई। वरिष्ठ प्राध्यापक/ कार्य / इरिसेन द्वारा 'ग्रीन बिल्डिंग के रूप में नया इरिसेन बिल्डिंग,'' मेसर्स ख्याति निलयम एसोसिएट्स प्रा.लि. द्वारा ''एडवांसेस इन अल्ट्रासोनिक रेल टेस्टिंग'' तथा कार्यकारी निदेशक/जीई/ आरडीएसओ द्वारा ''फॉर्मेशन इंजीनियरिंग'' पर प्रस्तुतीकरण दिए गए। सेमिनार के दौरान अनुशंसित कार्यवाईयां रेलवे बोर्ड और सभी क्षेत्रीय रेलों के प्रमुख मुख्य इंजीनियरों को भेज दी गई। प्रतिभागियों द्वारा सेमिनार की बहुत प्रशंसा की गई।



प्र.मु.इंजी.के सेमिनार में सदस्य इंजी.श्री विज (मध्य में) संबोधित करते हुए

4 मुख्य इंजीनियर (निर्माण) का सेमिनार

दिनांक 10 एवं 11 जनवरी, 2008 को संस्थान में मुख्य इंजीनियर (निर्माण) के लिए सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में कार्यसूची की मदों के अतिरिक्त प्रस्तुतीकरण भी दिए गए जैसे प्राध्यापक रेलपथ2



मु.इंजी.के सेमिनार का दृश्य

द्वारा ''इरिसेन वेबसाईट,'' श्री संजय विद्वंश, निदेशक मोनार्च सर्वेयर्स, पुणे द्वारा ''माडर्न सर्वेइंग इक्यूपमेंट'', व.प्रा./कार्य द्वारा ग्रीन बिल्डिंग के रूप में ''न्यू इरिसेन बिल्डिंग''। प्रतिभागियों द्वारा सेमिनार की उपयोगिता को बहुत सराहा गया।

5 गणतंत्र दिवस समारोह

दिनांक 26 जनवरी 2008 को इरिसेन में गणंतत्र दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद निदेशक श्री ए. के. गोयल का संबोधन हुआ, तत्पश्चात इरिसेन के अधिकारीगण, प्रशिक्षु अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।



गणतंत्र दिवस पर निदेशक श्री ए.के.गोयल द्वारा ध्वजारोहण

6 राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 98वीं बैठक

संस्थान में दिनांक 25 जनवरी, 2008 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विषयों जैसे तकनीकी फिल्मों, तकनीकी पुस्तकों का प्रकाशन, द्विभाषी वेबसाइट अपडेशन, प्रशिक्षण, कार्यशाला, इलेक्ट्रॉनिक तकनीक द्वारा संस्थान की प्रगति, प्रोत्साहन एवं पुरस्कार योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। संस्थान में वर्ष - 08 को 'उपलब्धियों का वर्ष' मनाने का भी निर्णय लिया गया। इस प्रकार हिंदी की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए बैठक सार्थक रही।



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 98वीं बैठक का दृश्य

7 संस्थान में हिंदी कायर्शाला का आयोजन

संस्थान में दिनांक 18/02/08, 20/02/08 से 22/02/08 तथा 27/02/08 को (पांच दिन) हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रतिष्ठित अतिथि व्याख्याताओं ने विभिन्न विषयों जैसे कार्मिक, लेखा, राजभाषा नीति एवं कंप्यूटर के अनुप्रयोग पर अपने व्याख्यान दिए। जिसमें नामित कर्मचारियों के अलावा अन्य कर्मचारियों ने भी स्वेच्छा से हिस्सा लिया और व्याख्यान से लाभ उठाया।

8 प्रमाणीकरण लेखा परीक्षा

आइएसओ 9001-2000 प्रमाणीकरण के लिए इरिसेन की पहली निगरानी लेखा परीक्षा मेसर्स डी.एन.व्ही. नीदरलैंड द्वारा दिनांक 24/01/08 को आयोजित की गई। लेखा परीक्षा के दौरान लेखा परीक्षक द्वारा कोई भी असमरुपता नहीं पाई गई। इरिसेन द्वारा किए गए सुधारों की लेखा परीक्षक द्वारा सराहना की गई।

9 विशेष उपलब्धि

- श्री आर.सी.आचार्य, सेवानिवृत्त सदस्य यांत्रिक / रेलवे बोर्ड ने 04 जनवरी, 08 को संस्थान दौरा किया। उन्होंने ''चाइनीज रेलवे पर अपने दौरे का अनुभव'' विषय पर एक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया जिसमें सभी संकाय उपस्थित हुए।
- इरिसेन में दिनांक 07 से 18 जनवरी, 08 (2 सप्ताह) तक अफ्रीकन रेल के प्रबंधकों के लिए रेलपथ के अनुरक्षण प्रबंधन पर विशेष पाठ्यक्रम (सत्र सं.871) आयोजित किया गया जिसमें ECOWAS के 10 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।
- रेलवे बोर्ड द्वारा राजभाषा व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना के अंतर्गत संस्थान के एक अधिकारी **श्री घनश्याम बंसल, प्राध्या./पुल** एवं उप मुराधि तथा एक कर्मचारी **श्री अतुल घोड़ेकर, छात्रावास अधीक्षक** को 1000/- की नकद राशि के साथ प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है।

10 विशेष पाठ्यक्रम

- पूर्वोत्तर सीमांत रेल के अनुरोध पर गुवाहाटी में दिनांक 21/01/08 से 22/01/08 (2 दिन) तक (सत्र सं.891) ठेका एवं विवाचन पर तथा दिनांक 23/01/08 (एक दिन) को (सत्र सं.892) ''डिजाइन एंड कंस्ट्रक्शन ऑफ टनेल्स'' पर विशेष पाठ्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पूर्वोत्तर सीमांत रेल के क्रमश: 38 एवं 35 प्रतिभागी उपस्थित हुए।



पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, गुवाहाटी में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम का दृश्य

अन्य पाठ्यक्रम :

- दि. 07 से 18 जनवरी 08 तक 'टी - 1 रेलपथ पुनश्चर्या -1'।
- दि. 07 से 18 जनवरी 08 तक 'अफ्रीकन रेलवे के अधिकारियों के लिए रेलपथ के अनुरक्षण प्रबंधन पर'।
- दि. 21 से 01 फरवरी 08 तक 'बी -1 पुल पुनश्चर्या -1'।

11 स्वागत / विदाई

- **स्वागत**
- श्रीमती वृंदा राव, ने दिनांक 31 दिसंबर, 2007 को संस्थान के सहायक मंडल वित्त प्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व आप पुणे मंडल में सहायक मंडल वित्त प्रबंधक के पद पर थीं। आपने यातायात लेखा कार्यालय, पीआरएस / मुंबई, लेखा विभाग, कन्सट्रक्शन लेखा इत्यादि यूनिटों में कार्य किया है। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।



- श्री अमजद अली निजामी ने दिनांक 06 मार्च, 08 को तकनीकी सहायक / कंप्यूटर का पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री निजामी 08 अप्रैल 1999 को रेल सेवा में नियुक्त हुए है। संस्थान में कार्यभार संभालने के पूर्व आप द. पू. रेलवे, नागपुर मंडल के परिचालन नियंत्रण कार्यालय (योजना) में सहायक स्टेशन प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।
- **विदाई**
- भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के 1989 बैच के अधिकारी, श्री प्रवीण कुमार, प्राध्यापक / कंप्यूटर का स्थानांतरण रेलवे बोर्ड में निदेशक/कार्य के पद पर हुआ है। दिनांक 29 जनवरी, 08 को उन्हें भार मुक्त कर दिया गया। संस्थान आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।



- भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के 1990 बैच के अधिकारी, श्री घनश्याम बंसल, प्राध्यापक / पुल एवं उप मुख्य राजभाषा अधिकारी का स्थानांतरण रेलवे बोर्ड में निदेशक/सतर्कता के पद पर हुआ है। दिनांक 28 मार्च, 08 को उन्हें भार मुक्त कर दिया गया। संस्थान आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।



- श्री एम. मलन्ना, सहायक कार्यकारी इंजीनियर, इरिसेन दिनांक 31 जनवरी, 08 को रेल सेवा से सेवानिवृत्त हुए। आपने संस्थान में लगभग 3 वर्ष तक सहायक कार्यकारी इंजीनियर 2 का पद भार संभाला। संस्थान आपके सुखद एवं शांतिपूर्ण जीवनयापन की कामना करता है।



- श्री अ. वि. मिसर, संस्थान के सहायक मंडल वित्त प्रबंधक का स्थानांतरण इसी पद पर पुणे मंडल में हो गया है। दि. 30 दिसंबर, 07 को उन्हें भारमुक्त कर दिया गया है। संस्थान आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।



- श्री चंद्रास बठीजा, तकनीकी सहायक / कंप्यूटर, स्वेच्छा से सेवानिवृति लेकर दिनांक 04 फरवरी, 08 को भारमुक्त हो गए है। संस्थान आपके सुखद एवं शांतिपूर्ण जीवनयापन की कामना करता है।

12 बधाई / शुभकामनाएं

अधिकारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई

08 अप्रैल - श्री अरूण चांदोलीकर, सह प्राध्यापक
30 अप्रैल - श्री के.नारायण, निजी सचिव/ निदे.
02 जून - श्री अजय गोयल, वरिष्ठ प्राध्यापक/ पुल
04 जून - श्री सुरेश गुप्ता, संकाय अध्यक्ष
06 जून - श्री नवीन चंद्र शारदा, वरिष्ठ प्राध्यापक / कार्य
17 जून - श्रीमती वृंदा एस राव, स.मं.वि.प्र.

अधिकारियों को विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

04 अप्रैल - श्री घनश्याम बंसल, प्राध्यापक / पुल
01 मई - श्री अरूण चांदोलीकर, सह प्राध्यापक
30 जून - श्री ए. के . गोयल , निदेशक

कर्मचारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई

01 अप्रैल - श्री जनार्दन अर्जुन तावडे, खलासी
01 अप्रैल - श्री पापा दादू मोरे, खलासी
06 अप्रैल - श्री धोंडीराम जगन्नाथ, खलासी हेल्पर
09 अप्रैल - श्री वसंत कुमार, सहायक ग्रंथपाल
21 अप्रैल - श्री सिध्दार्थ कालूराम, प्रवर खलासी
28 अप्रैल - श्री अनंत वसंत दसरे, तकनीकी सहायक /अनुरक्षण
04 मई - श्री महेन्द्र मलकप्पा, कंप्यूटर परिचर
10 मई - श्री मिलिंद कांबले, खलासी
12 मई - श्री चंद्रकांत लिंबाजी, रेलपथ मिस्त्री
13 मई - श्री एम पेच्ची, सहायक रसोइया/
18 मई - श्री सुनील पोफले, सेक्शन इंजीनियर

19 मई - श्री केरबा गायकवाड, खलासी
28 मई - श्री विश्वनाथ पवार, खलासी
25 मई - श्री सदाशिव भाऊ, खलासी
01 जून - श्री के.पी.धुमाल, निजी सचिव ग्रेड -२
01 जून - श्रीमती जयंती दंडपाणि / कार्यालय अधीक्षक
श्री शिवाजी तावडे. / तकनीशियन, श्री नागेश गवंडी /मास्टर क्राफ्टमेन,
श्री रतन भोसले, तकनीशियन, श्री संभाजी यशवंत / तकनीशियन
श्री अंजनैया सिध्दप्पा /जेराक्स मशीन प्रचालक,
श्री सुधीर जगन्नाथ/खलासी, श्री प्रकाश केरबा गायकवाड/कंप्यूटर परिचर,
श्री यशवंत विनायक /प्रवर खलासी, श्री परमेश्वर/खलासी,
श्री सौदागर विनायक/खलासी हेल्पर, श्री बाबू इरप्पा भंडारी/खलासी
02 जून - श्री कालूराम जगताप /प्रधान लिपिक, श्री आनंद कांबले, अ.लिपिक,
श्री किसन बी.मोरे/प्रवर खलासी
04 जून - श्री मूर्तिजा बेग/मोटर चालक -ग्रेड 1, श्री रूपेश बबन/खलासी,
श्री नरेश मोहन चव्हाण /खलासी
06 जून - श्री बी.जी.घाटे, छात्रावास अधीक्षक
08 जून - श्री वेल मुरूगन, खलासी
09 जून - श्री नंदू बलवंत, खलासी
10 जून - श्रीमती अरूणाभा ठाकुर/राज. अधी., श्री विठ्ठल कालूराम/खलासी
14 जून - श्री जगदीश रामू, सफाईवाला
15 जून - श्री गणेश श्रीनिवासन, वै.सहा.
18 जून - श्री शंकर बापू पुरी /मोटर चालक - 2, श्री गोंविद राजन / खलासी,
19 जून - श्री केरबा गायकवाड, खलासी
21 जून - श्री अशोक पोलके/ राज. सहा.-1, श्री विलास काशीनाथ/ख. हेल्पर

कर्मचारियों को विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

02 अप्रैल - श्री किसन बी.मोरे ,प्रवर खलासी
11 अप्रैल - श्री शेखलाल मौला, दफ्तरी
17 अप्रैल - श्री सुंदरलाल तुलाराम,खलासी
19 अप्रैल - श्रीमती विद्या धानेकर, कार्यालय अधीक्षक (भंडार)
20 अप्रैल - श्री मुर्तिजा बेग, मोटार चालक
21 अप्रैल - श्री लवप्रकाश श्रीवास्तव, खेलकूद अधी./ प्रशिक्षण अनुसंधान सहा.
25 अप्रैल - श्री विलास तावडे, खलासी
27 अप्रैल - श्री नागेश गवंडी, मास्टर क्राफ्टमेन
29 अप्रैल - श्रीमती गायत्री नायक, वरिष्ठ आशुलिपिक
30 अप्रैल - श्री शिरीष मोरे, तकनीशियन
01 मई - श्री संभाजी यशवंत, तकनीशियन
04 मई - श्री लल्लन शोभाराम, कारपेन्टर ग्रेड -3
05 मई - श्री विनायक नारायण सोहोनी, तकनीकी सहायक - पुल
07 मई - श्री ए.डी.सातपुते, तकनीकी सहायक
11 मई - श्री महेन्द्र मलकप्पा, झेरॉक्स मशीन प्रचालक,
श्री अशोक तुकाराम /प्रवर खलासी, श्री बाबू इरप्पा भंडारी/खलासी
15 मई - श्री रोहिदास जागडे/प्र.लि., श्री प्रकाश केरबा गायकवाड/कंप्यू. परिचर,
श्री जनार्दन अर्जुन तावडे, खलासी
16 मई - श्री बी.जी.घाटे / छात्रावास अधीक्षक, श्री रतन भोसले/ तकनीशियन,
श्री केरबा गायकवाड/खलासी
17 मई - श्री रूपेश बबन/ खलासी
19 मई - श्री चंद्रकांत लिंबाजी, रेलपथ मिस्त्री
20 मई - श्री सुनील पोफले,सेक्शन इंजीनियर
22 मई - श्री रमेश मोरे /प्रधान माली
26 मई - श्री जे.एम.पाटेकरी, मुख्य तकनीकी सहायक
30 मई - श्रीमती उर्जिता एस.फडके , लेखा सहायक
02 जून - श्रीमती शांती सर्वनन, खलासी
04 जून - श्री प्रदीप तावडे, तकनीशियन
05 जून - श्री विठ्ठल कालूराम/ खलासी
09 जून - श्री सुनील आ.शिंदे, तकनीकी सहायक प्रयोगशाला
13 जून - श्री जे.एस.शेट्टी, मुख्य कार्यालय अधीक्षक
14 जून - श्री वसंत कुमार, सहायक ग्रंथपाल
19 जून - श्री गणेश श्रीनिवासन / वै.सहा., श्री के.के.आयजैक/प्रधान लिपिक
20 जून - श्री अनिल पद्मने, तकनीशियन
25 जून - श्री गौतम श्रीपती, प्रधान लिपिक

13 शब्द-ज्ञान

1. Enactment	अधिनियमन	6. Enhancement	बढ़ोतरी
2. Encashment	भुनाना, तुड़ाना	7. Enlargement	परिवर्द्धन
3. Endorsement	पृष्ठांकन, सही	8. Enrichment	संवर्द्धन
4. Enfacement	मुखांकन	9. Enrolement	भर्ती
5. Engagment	आबंध, वचनबंध	10. Entitlement	हकदारी

14 सृजन

चुनौतियों की लहरें

लहरों को देखकर, जो तुम डर जाओगे,
तो लहरों पर चढ़कर, सवारी कैसे कर पाओगे?
जो तुम लहरों पर सवार हो बढ़ने लगे,
लहरों के बादशाह, तुम तभी कहलाओगे।

जो लहरें निकल गई, वापस कभी नहीं आएंगी,
आनेवाली लहरें, चांद नहीं लाएंगी,
सामने जो लहर है, इसी पर जो तुम सवार हुए,
क्या पता कल इसी पर तुम तारों के पार हुए।

इसलिए कहती हूं, जो तुम डर जाओगे,
तो लहरों पर चढ़कर, सवारी कैसे कर पाओगे?
जो तुम लहरों पर सवार हो बढ़ने लगे,
लहरों के बादशाह, तुम तभी कहलाओगे।

जयश्री गुप्ता, पुत्री सुरेश गुप्ता
संकाय अध्यक्ष, इरिसेन, पुणे

राह बने मंजिल

लोगों में मंजिल पाने की ख्वाहिश,
पलती रहती है सालों-साल।

लेकिन मंजिल नहीं मिलती उन्हें कभी,
लिहाजा ख्वाहिश उन्हें भटकाने लगती है
इधर से उधर,उधर से इधर बेवजह, बेहिसाब।

उन्हें मालूम नहीं हो पाता कभी
मंजिल को पाने के लिए राह की पहचान जरूरी है।

राह और मंजिल की चाह में
एक रिश्ता होता है अटूट
जिसे जाने बिना, समझे बिना

राह पर चलते रहने का नहीं होता कोई मतलब
यह यात्रा देती है सिर्फ थकान, आंसू और अपमान।

मंजिल को पाने के लिए
पहले राह को पहचानिए
फिर उस पर चलते हुए मंजिल को पाइए।

- धीरेंद्र कुमार झा,उप.मु.रा.अधि.
मध्य रेल, मुंबई

आत्मविश्वास में वह शक्ति है जो सहस्त्र विपत्तियों का सामना कर उन पर विजय प्राप्त कर सकती है।

- स्वेट मार्डेन

मनोज अरोड़ा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक, कार्य, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान, पुणे – 1 द्वारा केवल सीमित निशुल्क वितरण हेतु प्रकाशित
मेसर्स एम. आर. एंड कंपनी, 1552, सदाशिव पेठ, पुणे – 411 030. फोन : 020-65228163 द्वारा मुद्रित (3000 प्रतियां)